# असलम जमशेदपुरी के साथ कथासंधि कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी द्वारा सोमवार को उर्दू कथाकार एवं आलोचक असलम जमशेदपुरी के साथ कथासंधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी रचना प्रक्रिया, लेखन यात्रा और प्रमुख कृतियों के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उन्हें घर में रखे इब्ने शफी, बुशरा रहमान आदि के उपन्यास पढ़ने का शौक था और उन्हीं को पढ़कर लिखने की कोशिश बचपन में ही शुरू कर दी थी। उन्होंने कहा कि हमें लिखने की आदत होनी चाहिए। इस दौरान उर्दू के कई महत्वपूर्ण लेखक, प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संवाद